## एक नजर में

### तमिलनाडु चुनाव प्रचार पर आज रहेंगे मुख्यमंत्री

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अप्रैल को तमिलनाडु में एक दिवसीय चुनावी दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव तमिलनाडु की रासिपुरम और अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1.00 बजे भोपाल से कोयंबटूर के रासिपुरम विधानसभा पहुंचेंगे. दोपहर 01.20 बजे रासिपुरम विधानसभा में बैठक लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायं 4.30 बजे अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डॉ. एल. मुरूगन के समर्थन में प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोयंबटूर से सायं 6.15 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे.

### अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**शिवपुरी.** जिले के देहात थाना क्षेत्र में पुलिस ने हवाई पट्टी के पास से एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी की पहचान फैयाज खान (19) के रूप में हुई है. उसके पास से एक अवैध देशी रिवाल्वर और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. देहात थाना पुलिस रात्रि गश्त पर थी, तभी हवाई पट्टी के पास युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ मिला. पूछताछ के बाद तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार और कारतूस मिले. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है.

# पानी बचाना हम सबकी जिम्मेदारी-डॉ यादव

## 'जल गंगा संवर्धन अभियान' से प्रदेश में जल संरक्षण को मिली नई गति

**राष्ट्रीय स्तर पर तीसरे स्थान पर पहुंचा एमपी**



**भोपाल, 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाया जा रहा है. पानी बचाना बेहद जरूरी है. यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियां प्रकृति के इस अनमोल वरदान से कभी भी कमी महसूस नहीं करें.**

राज्य में भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच डॉ यादव ने एक वक्तव्य में कहा कि इसके लिए हमें अपने वर्तमान जल स्त्रोतों के साथ सूख चुके जल स्त्रोतों को संरक्षित करना ही होगा. पानी बचाने के लिए प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है. सरकार और समाज के साझा प्रयासों से हो रहे इस अभियान में बीते एक माह में उल्लेखनीय प्रगति हुई है. डॉ. यादव ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है. प्रदेश में संचालित 'जल गंगा संवर्धन अभियान' ने अल्प समय में ही उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. एक माह पहले 19 मार्च से प्रारंभ हुआ यह अभियान जल संरक्षण, जल संरचनाओं के संवर्धन और जनभागीदारी का एक व्यापक जन-आंदोलन बनता जा रहा है. अभियान के प्रभाव से ही प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग सुधारकर अब तीसरे स्थान पर आ गया है. अभियान से पहले मध्यप्रदेश नेशनल रैंकिंग में छठवें स्थान पर था. राज्य सरकार द्वारा आगामी 30 जून तक चलाए जा रहे इस अभियान में 16 विभागों की 58 गतिविधियां नियत की गई हैं. इसके लिए लगभग 6 हजार 278 करोड़ रुपये का वित्तीय लक्ष्य तय किया गया है. इस अभियान में कुल 2 लाख 44 हजार से अधिक जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों को चिन्हित कर लगभग 6 हजार 236 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

### नगरीय क्षेत्रों में जल संरक्षण

नगरीय क्षेत्रों में भी जल संरक्षण को लेकर व्यापक कार्य किए जा रहे हैं. नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा तालाब, कुएं और पुरानी बावड़ियों के संवर्धन, नालों की सफाई और सौंदर्यीकरण तथा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना जैसे कार्य तेजी से किए जा रहे हैं. इसके अतिरिक्त तेज़ गर्मी को देखते हुए नगरीय निकायों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्याऊ की स्थापना भी की गई है.



# नौगांव में पारा 44.3 डिग्री पार

## लू-तपिश से लोगों का जनजीवन प्रभावित

**भोपाल, 20 अप्रैल. मध्य प्रदेश में गर्मी तेजी से खतरनाक स्तर पर पहुंच रही है और अप्रैल में ही मौसम जून जैसी तपिश का एहसास करा रहा है. कई जिलों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जबकि नौगांव प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां 44.3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया.**

इसके अलावा मंडला (43.9 डिग्री), खजुराहो (43.4 डिग्री), दतिया, उमरिया और सतना जैसे शहरों में भी भीषण गर्मी दर्ज की गई. बड़े शहरों की स्थिति भी चिंताजनक है. ग्वालियर में 42.4 डिग्री, भोपाल में 41.8 डिग्री, उज्जैन में 41.4 डिग्री और इंदौर में 40.6 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. लगातार बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है. मौसम विभाग ने निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, कटनी, उमरिया, मंडला और छतरपुर जिलों में हीटवेव (लू) का अलर्ट जारी किया है. इन क्षेत्रों में तापमान 44 डिग्री या उससे अधिक रहने की संभावना है, साथ ही तेज गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी बढ़ा सकती हैं.

प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों जैसे खरगोन, खंडवा, हरदा, बुरहानपुर, बैतूल और छिंदवाड़ा में हल्के बादल और गरज-चमक देखी गई, लेकिन इससे तापमान में खास राहत नहीं मिली. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन और टर्फ लाइन के कारण यह स्थिति बनी हुई है. 23 अप्रैल के आसपास पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, लेकिन इसका असर सीमित रहेगा.


### अधिक गर्मी पड़ने की संभावना

अगले दो दिन प्रदेश में और अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है. लोगों को पर्याप्त पानी पीने, दोपहर में धूप से बचने, हल्के कपड़े पहनने और सिर ढककर बाहर निकलने की सलाह दी गई है. विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि लू का खतरा लगातार बढ़ रहा है.

# ग्वालियर पहुंचे सीएम और हेमंत खंडेलवाल

## कृषि मंत्री कंसाना की नातिनी की शादी में हुए शामिल

**ग्वालियर, 20 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार की शाम ग्वालियर आए. विमानतल पर मुख्यमंत्री का आत्मीय स्वागत हुआ. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी ग्वालियर पहुंचे.**



मुख्यमंत्री ग्वालियर में कुछ देर रुकने के पश्चात हैलीकॉप्टर से मुरैना पहुंचे एवं प्रदेश के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के निवास पहुँचकर उनकी नातिनी दीपिका एवं यतेन्द्र राव राजेश्वर सिंह को विवाह के अवसर पर आशीर्वाद प्रदान किया. मुख्यमंत्री विवाह समारोह में शामिल होने के पश्चात हैलीकॉप्टर से ग्वालियर विमानतल लौटे. विमानतल पर पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, कमल माखीजानी, पार्षद अनिल सांखला, दीपक शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्प-गुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया. विमानतल पर उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से सत्ता व संगठन से जुड़े विभिन्न सामयिक विषयों पर चर्चा की एवं जरुरी दिशा निर्देश दिए.

# अब तक मध्यप्रदेश में 4547 सिलेण्डर हुए जब्त

**भोपाल, 20 अप्रैल. मध्य पूर्व के हाल के घटनाक्रमों के चलते मध्यप्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2938 स्थानों पर जांच की गई, 4547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई.**

प्रशासन के अनुसार प्रदेश के 765 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है. इसमें 2 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं. प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है. राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें. इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी. गैस की सतत आपूर्ति होगी. उपभोक्ताओं से आग्रह है कि किसी तरह का भ्रम नहीं पालें. पीएनजी पूरी तरह से सुरक्षित है. भारत में कच्चे तेल का पर्याप्त भण्डार है.

# प्रीतम लोधी मामले में जीतू ने सरकार को घेरा

## राज्य में शासन व्यवस्था ले चुकी मनमानी और सत्ता के दुरुपयोग का रूप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आज कहा कि प्रदेश में अब कानून का राज नहीं, बल्कि 'सरकार राज' के नाम पर सत्ता का खुला दुरुपयोग और अराजकता चल रही है.**



पटवारी ने एक बयान में कहा कि हाल ही में शिवपुरी जिले में सड़क हादसे में विधायक प्रीतम लोधी के पुत्र द्वारा निर्दोष लोगों को थार वाहन से कुचलने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है. उससे भी अधिक चिंताजनक और शर्मनाक तथ्य यह है कि जब कानून ने अपना काम करना शुरू किया, तो स्वयं विधायक पुलिस अधीक्षक और एसडीओपी जैसे वरिष्ठ अधिकारियों को खुलेआम धमकाने और उनकी औकात बताने पर उतर आए. विधायक का यह बयान कि 'मेरा बेटा करेरा आएगा, चुनाव भी लड़ेगा, तेरे डैडी में दम हो तो रोक लेना, अपना इतिहास देख लेना, अपनी औकात में रहो' यह दर्शाता है कि भाजपा नेताओं में कानून का भय पूरी तरह समाप्त हो चुका है. यह केवल एक व्यक्ति का अहंकार नहीं, बल्कि पूरे शासन तंत्र की विफलता व संरक्षण का परिणाम है.

### कांग्रेस पार्टी की प्रमुख मांगें...

1. विधायक प्रीतम लोधी के खिलाफ पुलिस अधिकारियों को धमकाने और अभद्र भाषा के प्रयोग पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए.
2. विधायक पुत्र द्वारा किए गए सड़क कांड की समयबद्ध और न्यायिक जांच कर कठोर सजा दी जाए.
3. सरकार स्वयं इस मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब दे और स्पष्ट करे कि क्या भाजपा नेताओं को कानून से ऊपर संरक्षण दिया जा रहा है.
4. संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों पर किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव न डाला जाए और उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई करने की स्वतंत्रता सुनिश्चित की जाए.

### ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

**मैहर.** जिले के बंधी गांव के समीप आज सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना सोमवार को उस समय हुई जब दोनों युवक बाइक से कहीं जा रहे थे. इसी दौरान तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. मृतकों की पहचान गोविंद चौधरी और अजय चौधरी के रूप में की गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

# 2.29 करोड़ के मादक पदार्थ जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 अप्रैल. अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ राज्यव्यापी सख्त अभियान के तहत मध्यप्रदेश पुलिस ने तस्करी, भंडारण और बिक्री पर शिकंजा कसते हुए बीते एक सप्ताह में 2.29 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ और वाहनों को जब्त किया है तथा कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है.**



अयोध्या नगर पुलिस ने ओडिशा से गांजा लाकर स्कूल, कॉलेज और झुग्गी बस्तियों में सप्लाई करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया और 6 किलो से अधिक गांजा बरामद किया. नीमच में पुलिस ने एक ट्रक से 6 क्विंटल से अधिक डोडाचूरा जब्त किया, जिसकी कीमत 1 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है. मंदसौर में भी इसी तरह की कार्रवाई में एक क्विंटल से अधिक मादक पदार्थ बरामद हुआ. भिंड में पुलिस ने बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए 138 किलो गांजा जब्त किया, जबकि शहडोल में एक दुर्घटनाग्रस्त वाहन से करीब 200 किलो गांजा बरामद हुआ. जबलपुर और इंदौर में भी पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए महंगे एमडी ड्रग्स समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया.

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी. आम नागरिकों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है.

# किसानों को 920 करोड़ का किया भुगतान

## 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूं की खरीदी

**1 लाख 45 हज़ार 71 किसानों से की जा चुकी है खरीदी**

**भोपाल, 20 अप्रैल. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक एक लाख 45 हज़ार 71 किसानों से 63 लाख 27 हजार 410 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है.**



किसानों को 920 करोड़ 7 लाख रुपए का भुगतान उनके बैंक खाते में किया जा चुका है. अभी तक 5 लाख 36 हजार 367 किसानों द्वारा 2 करोड़ 25 लाख 96 हजार 450 क्विंटल गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं. किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केंद्रों पर तौल कांटों की संख्या 4 से बढ़कर 6 कर दी गई है. इससे समय पर किसानों द्वारा लाये गए गेहूं की तुलाई हो सकेगी. खरीदी के लिये 3171 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं. गेहूँ की खरीदी कार्यालयीन दिवसों में होती है.

सेटेलाइट ई-मेल में मिलान नहीं पाए गए खसरों को छोड़कर उसी किसान के शेष खसरों पर गेहूँ की फसल विक्रय हेतु स्लॉट बुकिंग की सुविधा दी गई है. उपार्जन केन्द्र की क्षमता अनुसार उपज की तौल की जा सके एवं अधिक से अधिक किसानों से उपार्जन किया जा सके, इसके लिये प्रतिदिन प्रति उपार्जन केन्द्र पर गेहूँ विक्रय के लिये स्लॉट बुकिंग की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 1500 क्विंटल की गई है. उपार्जन केंद्रों में गेहूँ विक्रय की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं.

# डीआरएम त्यागी ने 6 कर्मचारियों को किया सम्मानित

**भोपाल, 20 अप्रैल. भोपाल मंडल में रेलवे संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने सतर्कता और सूझबूझ से संभावित दुर्घटनाओं को टालने वाले 6 रेलकर्मियों को 'संरक्षा पुरस्कार' से सम्मानित किया.**



कर्मचारियों ने समय रहते तकनीकी खामियों और असामान्य स्थितियों की पहचान कर न केवल रेल संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की, बल्कि यात्रियों की जान-माल की रक्षा भी की. गुना-मक्सी सेक्शन में लोको पायलट शिवचरण मीना और सहायक लोको पायलट संदीप मीना ने मालगाड़ी में ब्रेक बाइंडिंग और धुआं निकलने की समस्या पहचानकर बड़ा हादसा टाल दिया.

गुलाबगंज स्टेशन पर प्वाइंट्समैन सोनू कुशवाहा ने कोच में तकनीकी खराबी समय रहते ठीक कर सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया. इसी तरह पीलीघाटा स्टेशन पर उप स्टेशन प्रबंधक रमेश कश्यप ने हमसफर एक्सप्रेस 20481 के गुजरने के दौरान ब्रेक बाइंडिंग की समस्या पकड़ी, जबकि लोकेश मीना ने चलती मालगाड़ी में एक्सल की खराबी पहचानकर उसे ठीक कराया. विदिशा के ट्रैकमैन रामबाबू कुशवाहा ने ब्रेक ब्लॉक में धुआं देखकर समय रहते सुधार किया.

### स्टेशनों पर जल वितरण सेवा का शुभारंभ

**भोपाल.** ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों को राहत देने के उद्देश्य से भारत स्काउट एंड गाइड द्वारा 20 अप्रैल 2026 को पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में जल वितरण सेवा का शुभारंभ किया गया. यह सेवा प्रमुख स्टेशनों भोपाल रेलवे स्टेशन, बीना रेलवे स्टेशन और इटारसी रेलवे स्टेशन पर शुरू की गई है. कार्यक्रम के दौरान जिला आयुक्त स्काउट एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह ने भोपाल स्टेशन पर यात्रियों को शीतल पेयजल वितरित कर इस पहल का औपचारिक शुभारंभ किया. गर्मी के मौसम में इस सेवा से यात्रियों को काफी राहत मिली. इस अभियान में भोपाल मंडल के लगभग 80 स्काउट एवं गाइड स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और पूरी निष्ठा से यात्रियों की सेवा की. मंडल प्रशासन ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सेवा और सहयोग का प्रेरणादायक उदाहरण बताया.



**पलटवार** | कांग्रेस का दावा- भाजपा की विभाजनकारी राजनीति हुई अस्वीकृत

# विपक्ष की एकजुटता से महिला आरक्षण विधेयक रुका



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 अप्रैल. कांग्रेस ने सोमवार को संसद में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के पारित न हो पाने को 'लोकतंत्र और संविधान की जीत' करार दिया. महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष शोभा ओझा ने यहां पत्रकार वार्ता में दावा किया कि विपक्ष की एकजुटता ने केंद्र सरकार के उस प्रयास को विफल कर दिया, जिसके जरिए परिसीमन के माध्यम से सत्ता को अपने पक्ष में करने की योजना बनाई जा रही थी.**

श्रीमती ओझा ने कहा कि विधेयक पर हुई वोटिंग ने 'विभाजनकारी राजनीति' के प्रति जनता के अस्वीकार को उजागर किया. कुल 528 मतों में से 298 मत पक्ष में और 230 मत विरोध में पड़े और विधेयक पारित नहीं हो सका. कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि वह महिला आरक्षण के सिद्धांत का समर्थन करती है, लेकिन इसे जनगणना और परिसीमन से जोड़ने का विरोध करती है.

पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार का मौजूदा दृष्टिकोण आरक्षण के क्रियान्वयन में देरी करने और चुनावी गणित को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्रेरित है. कांग्रेस ने मांग की कि मौजूदा 543 लोकसभा सीटों में ही तत्काल आरक्षण लागू किया जाए, ओबीसी महिलाओं के लिए उप-कोटा सुनिश्चित किया जाए और इसे जनगणना व परिसीमन की प्रक्रिया से अलग रखा जाए. कांग्रेस ने इसे अधिकार और प्रतिनिधित्व की व्यापक लड़ाई बताते हुए कहा कि देश की महिलाएं अब और इंतजार करने को तैयार नहीं हैं तथा सरकार को बयानबाजी से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने चाहिए.

कांग्रेस ने अपने पुराने रुख को दोहराते हुए कहा कि उसने सितंबर 2023 में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का समर्थन किया था और महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में हमेशा अग्रणी रही है. पार्टी ने 1989 में पंचायतों में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव रखने से लेकर 1990 के दशक में स्थानीय निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने वाले संवैधानिक संशोधनों को आगे बढ़ाने का उल्लेख किया.

# नेता के खिलाफ टिप्पणी पर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 20 अप्रैल. नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ने सोमवार को भोपाल में अपने नेता के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी और इस मुद्दे को लेकर दिल्ली में कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया.**



कांग्रेस कमेटी कार्यालय के बाहर आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे ने किया. आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया. सभा को संबोधित करते हुए चौकसे ने घटना को लोकतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला बताया. उन्होंने आरोप लगाया कि वरिष्ठ विपक्षी नेता राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और विरोध करने वाले छात्रों की गिरफ्तारी यह दर्शाती है कि सरकार असहमति की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि एनएसयूआई अन्याय के खिलाफ अपना संघर्ष जारी रखेगी और लोकतंत्र, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा छात्रों के अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर आवाज उठाएगी.